
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

# Rearrangement of Sentences for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Rearrangement Quiz 9

**दिशा निर्देश: निम्नलिखित छः (A, B, C, D, E तथा F) वाक्यों को व्यवस्थित कर एक सार्थकपूर्ण लेख बनाएं, और पूछे गए निम्न प्रश्नों के उत्तर दें।**

A. मीडिया का काम सत्ता एवं समाज में मौजूद महामानवों पर नजर रखना, उनकी मनमानी पर अंकुश लगाने की कोशिश करना, उनके गलत कार्यों को जनता के सामने लाना है। प्रश्न यह है कि क्या मीडिया अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहा है?

B. इस अवधारणा के अनुसार मानव को अन्यायोचित और अपमान जनक व्यवहार से संरक्षित किया जाना चाहिए।

C. अधिकार उन्मुक्ति होने के कारण इस बात को निर्दिष्ट करते है कि कोई भी कार्य व्यक्ति की इच्छा के विरूद्ध नहीं किया जा सकता या नहीं किया जाना चाहिए।

D. वर्तमान में लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाने वाला मीडिया, मानवाधिकार संरक्षण में अपनी महत्ती भूमिका आवश्यक रूप से निभा सकता है। वास्तव में मीडिया क्या है? मीडिया शब्द मीडियेटरश् शब्द से बना है जिसका आशय दो लोगों के बीच परस्पर संवाद बनाने का माध्यम है।

E. मानव बुद्धिमान एवं विवेक पूर्ण प्राणी है और इसी कारण इसको कुछ ऐसे मूल तथा अहरणीय अधिकार प्राप्त होते है जिन्हें समान्यतः "मानवाधिकार" कहा जाता है।

F. मीडिया का मुख्य कार्य है कि वह जितनी जल्दी हो सके सूचना को पूरे समाज में प्रसारित कर दे। इस आधार पर कहा जा सकता है कि मीडिया जितना अधिक सक्रिय होगा मानव अधिकारों का संरक्षण उतनी ही तेजी से होगा। दूसरी ओर यह भी कहा जा सकता है कि मीडिया के अधिकतम सक्रियता के चलते समाज में व्याप्त विसंगतियाँ और मानव अधिकार के हनन को द्रुत गति से रोका जा सकता हैं।

Smartkeeda The Question Bank

**1. पुनर्व्यस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में पहला वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**2. पुनर्व्यस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में दूसरा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**3. पुनर्व्यस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में तीसरा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**4. पुनर्व्यस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में चौथा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**5. पुनर्व्यस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में अंतिम वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| E | C | B | D | A |

**विस्तृत विवरण(Common Explanation):**

समस्त वाक्यों के अध्ययन से हमे यह ज्ञात होता है कि उपरोक्त पद में दो पहलुओं का वर्णन किया गया है, पहला मानवाधिकार एवं दूसरा आज के इस ज़माने में मीडिया के कार्यो का वर्णन|

यदि हम वाक्य A का अध्ययन करते है तो हम यह प्राप्त होता है कि इस वाक्य में मीडिया के कार्यो का वर्णन किया गया है साथ ही साथ यह भी वर्णित है की क्या मीडिया अपनी कार्यो का पूर्ण निर्वहन कर रही है या नहीं? अर्थात यह वाक्य एक प्रश्न के साथ अंत होता है इसलिए यह वाक्य इस पद का प्रथम वाक्य नहीं हो सकता है|

वाक्य B और C के गहन अध्ययन के उपरांत हमे यह ज्ञात होता है कि ये दोनों वाक्यों में सर्वनाम “इस” का वर्णन किया गया है ,एवं व्याकरण के नियम को ध्यान में रखे तो कोई भी पद सर्वनाम के साथ प्रारम्भ नहीं हो सकता है| अतः ये दोनों वाक्य भी इस पद का प्रारंभिक वाक्य नहीं हो सकते है|

वाक्य E में यह आशय वर्णित है की “मानवधिकार” किसे कहते है| इस पद के प्रारंभिक वाक्य के लिए वाक्य E का प्रथम स्थान पर होना आवश्यक है| अतः इस पद का प्रारंभिक अर्थात पहला वाक्य,वाक्य E होगा| वाक्य C और B में यह वर्णित है कि मानवाधिकार का वास्तविक अर्थ क्या होता है, साथ ही साथ यह भी वर्णित है की मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए किसी भी व्यक्ति की इक्षा के विपरीत कोई कार्य नहीं करना चाहिए,एवं यदि कोई ऐसे अपमान जनक तथा अनुचित व्यवहार करे तो उसे उचित दंड भी देना चाहिए, अर्थात मानवाधिकारों की रक्षा आवश्यक है| अतः वाक्य C और वाक्य B क्रमशः इस पद का दूसरा एवं तीसरा वाक्य होगा|

वाक्य D में यह आशय निहित है कि कैसे इस लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माने जाने वाली मीडिया मानवाधिकारों को संरक्षित करने में सहायक होता है| अतः वाक्य D का इस पद के पूर्ण आशय प्रकट करने के लिए पद के चौथे स्थान पर होना आवश्यक है| अतः इस पद का चौथा वाक्य,वाक्य D होगा|

अन्य शेष वाक्यों में जहा एक तरफ वाक्य F में जहा आज के ज़माने में मीडिया के प्रमुख कार्यो का वर्णन किया गया है वही वाक्य A में यह प्रश्न पूछा गया है कि क्या वास्तव में आज मीडिया अपने कार्यो का कुशलता से निर्वहन कर रही है या नहीं?अतः हमे यह स्पष्ट आशय प्राप्त होता है कि वाक्य A का स्थान वाक्य F के उपरांत होगा| अतः इस पद का पाँचवा वाक्य,वाक्य F तथा अंतिम वाक्य,वाक्य A होगा|

**अतः पुनर्व्यस्था का सही क्रम ECBDFA है|**

E. मानव बुद्धिमान एवं विवेकपूर्ण प्राणी है और इसी कारण इसको कुछ ऐसे मूल तथा अहरणीय अधिकार प्राप्त होते है जिन्हें समान्यतः "मानवाधिकार” कहा जाता है|

C. अधिकार उन्मुक्ति होने के कारण इस बात को निर्दिष्ट करते है कि कोई भी कार्य व्यक्ति की इच्छा के विरूद्ध नहीं किया जा सकता या नहीं किया जाना चाहिए|

B. इस अवधारणा के अनुसार मानव को अन्यायोचित और अपमान जनक व्यवहार से संरक्षित किया जाना चाहिए|

Smartkeeda The Question Bank

D. वर्तमान में लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाने वाला मीडिया, मानवाधिकार संरक्षण में अपनी महत्ती भूमिका आवश्यक रूप से निभा सकता है। वास्तव में मीडिया क्या है? मीडिया शब्द मीडियेटरश् शब्द से बना है जिसका आशय दो लोगों के बीच परस्पर संवाद बनाने का माध्यम है।

F. मीडिया का मुख्य कार्य है कि वह जितनी जल्दी हो सके सूचना को पूरे समाज में प्रसारित कर दे। इस आधार पर कहा जा सकता है कि मीडिया जितना अधिक सक्रिय होगा मानव अधिकारों का संरक्षण उतनी ही तेजी से होगा। दूसरी ओर यह भी कहा जा सकता है कि मीडिया के अधिकतम सक्रियता के चलते समाज में व्याप्त विसंगतियाँ और मानव अधिकार के हनन को द्रुत गति से रोका जा सकता हैं।

A. मीडिया का काम सत्ता एवं समाज में मौजूद महामानवों पर नजर रखना, उनकी मनमानी पर अंकुश लगाने की कोशिश करना, उनके गलत कार्यों को जनता के सामने लाना है। प्रश्न यह है कि क्या मीडिया अपनी भूमिका निभा रहा है?

**Answer:**

1. नीचे दिए गए विस्तृत विवरण के आधार पर हम यह कह सकते है कि पुनर्व्यस्था के उपरांत पहला वाक्य, वाक्य E है।

2. नीचे दिए गए विस्तृत विवरण के आधार पर हम यह कह सकते है कि पुनर्व्यस्था के उपरांत दूसरा वाक्य, वाक्य C है।

3. नीचे दिए गए विस्तृत विवरण के आधार पर हम यह कह सकते है कि पुनर्व्यस्था के उपरांत तीसरा वाक्य, वाक्य B है।

4. नीचे दिए गए विस्तृत विवरण के आधार पर हम यह कह सकते है कि पुनर्व्यस्था के उपरांत चौथा वाक्य, वाक्य D है।

5. नीचे दिए गए विस्तृत विवरण के आधार पर हम यह कह सकते है कि पुनर्व्यस्था के उपरांत अंतिम वाक्य, वाक्य A है।

Smartkeeda
The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW